## बैंक कर्मियों ने की राष्ट्रव्यापी हड़ताल



**बड़वानी।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर 27 जनवरी को जिला मुख्यालय पर बैंक कर्मचारियों द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आयोजन किया गया। हड़ताल के चलते जिले की अधिकांश बैंक शाखाओं में बैंकिंग कार्य पूरी तरह प्रभावित रहा। जिससे आम ग्राहकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बैंक कर्मियों की प्रमुख मांग पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने को लेकर है। बैंक यूनियन पदाधिकारी अनमोल सुलिया ने बताया कि कर्मचारियों की यह मांग लंबे समय से लंबित है। सप्ताह में दो दिन अवकाश तय किए जाने से कर्मचारियों पर कार्य का दबाव कम होगा तथा ग्राहकों को बेहतर और प्रभावी बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। हड़ताल के दौरान बैंक कर्मचारियों ने शांतिपूर्ण तरीके से नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द अमल नहीं किया गया, तो भविष्य में आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा। हड़ताल में निर्मल मुराड़िया, संतोष कदम, राजेश यादव व अन्य बैंक कर्मी मौजूद रहे।

## पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का हुआ आयोजन



**बड़वानी।** जिला स्तरीय क्लासिक सीनियर पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन 25 जनवरी को सरलम वाटिका में फिटवेल जिम द्वारा किया गया। जिसमें शहर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी ताकत का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में विभिन्न वजन वर्गों में पुरुषों एवं महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। पावरलिफ्टिंग एवं बॉडीबिल्डिंग को जिले में नई पहचान दिलाने वाले जिम संचालक मनीष गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में जिलेभर से 60 से अधिक खिलाड़ियों ने सहभागिता की। इस दौरान 59 किग्रा वर्ग में संदीप वर्मा प्रथम, शोभाराम डोडवे द्वितीय व करण बडोले तृतीय रहे। वहीं 66 किग्रा वर्ग में हर्षित शर्मा प्रथम, अजय मुजाल्दे द्वितीय तथा अल्ताफ शेख ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 74 किग्रा वर्ग में देवा सोलंकी प्रथम व संजू कारपेंटर द्वितीय रहे। 83 किग्रा वर्ग में वसीम खान प्रथम, यश डोडवे द्वितीय व कुंदन चौहान तृतीय स्थान पर रहे। 93 किग्रा वर्ग में हसन अली प्रथम, युग गायकवाड द्वितीय व सावेज अली तृतीय रहे तथा 105 किग्रा वर्ग में राजू सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 120 प्लस किग्रा वजन वर्ग में सुदर्शन तिवारी ने स्क्वॉट 275 किग्रा, बेंच प्रेस 170 किग्रा एवं डेडलिफ्ट 285 किग्रा सहित 730 किग्रा भार उठाकर दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।

# हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस, किया ध्वजारोहण

### विभागों, पंचायत एवं शासकीय कार्यालयों और वार्डों में किया निर्धारित ध्वजारोहण, प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत

**निवाली/पानसेमल, (नवभारत)।** नगर में गणतंत्र दिवस पर शासकीय एव निजी संस्थाओं द्वारा झंडा वंदन धूमधाम एवं हर्ष के साथ किया गया। साथ ही निजी एवं शासकीय शालाओं से प्रभात फेरी निकाली गई। नगर परिषद में नप अध्यक्ष तरुणा नरेंद्र सिसोदिया, जनपद पंचायत में जपं अध्यक्ष रायलीबाई चतसिंह पटेल, पुलिस थाने में आरके लोवंशी, झंडा चौक में भिलूराम धनगर द्वारा झंडा वंदन किया गया।

छात्र छात्राओं द्वारा स्कूल व जिला स्तरीय गतिविधियों में भाग लेकर नगर एवं जिले का नाम रोशन किया गया। प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। नगर परिषद द्वारा आनंद उत्सव अंतर्गत खेल एवं गतिविधियां कराई गई थी। नगर के पत्रकारों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जपं द्वारा आयोजित





सांस्कृतिक एवं सम्मान समारोह में देश के गानों पर सुंदर प्रस्तुतियां दी गई। इस वर्ष गणतंत्र दिवस का समारोह जनपद पंचायत प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर जपं सीईओ विरल पटेल, नप सीएमओ रूपसिंह सोलंकी, थाना प्रभारी आरके लोवंशी, बीआरसी महेन्द्रसिंह राठौड़, बालक स्कूल प्राचार्य सत्तू मंडलोई, कन्या स्कूल प्राचार्य प्रताप सोलंकी, मॉडल स्कूल प्राचार्य शालिनी गुप्ता, नप के केतराम ब्राह्मणे, कमलेश वाणी, विवेक चन्द्रात्रे, महेंद्र गोयल सहित जनप्रतिनिधि जपं अध्यक्ष रायलीबाई चतसिंह पटेल, जपं उपाध्यक्ष पठान किराड़े, नप अध्यक्ष तरुणा नरेंद्र सिसोदिया, नप उपाध्यक्ष इंदिरा दीपक सोनी, मंडल अध्यक्ष श्याम पंडित, जपं अध्यक्ष प्रतिनिधि चतसिंह पटेल, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिसोदिया, रूपेश पिपलौदे, सुभद्रा मनीष ब्राह्मणे, गणेश शितोले, प्रेस क्लब अध्यक्ष लखन पंडित, राजा शर्मा, शेखर शर्मा, उक्राम सोलंकी, पंकज बंसल, दिलशाद शेख, अमित ब्रह्मने, संतोष गुप्ता मौजूद थे।



#### किया ध्वजारोहण, मुख्यमंत्री संदेश का हुआ वाचन

**पानसेमल।** नगर में गणतंत्र दिवस हर्ष उल्लास से मनाया। पुलिस थाना, शासकीय अस्पताल, तहसील कार्यालय, वन विभाग, जनपद पंचायत सहित शासकीय कार्यालयों और वार्डों में निर्धारित ध्वजारोहण किया गया। एसडीएम कार्यालय में एसडीएम रमेश सिसोदिया, थाने पर थाना प्रभारी मंशाराम वगेन, जपं कार्यालय में अध्यक्ष शीला विनोद वसावे, बाबा साहब उद्यान में रूपाली मंगल शामेशाह, झंडा चौक में नगर परिषद के निकट अध्यक्ष शैलेश भंडारकर ने किया। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य सरिता धार्वे, शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य संगीता भंडारी और अन्य संस्थाओं में संस्था के प्रमुखों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। निजी एवं शासकीय विद्यार्थियों ने नगर के मुख्य मार्गों से फेरी निकाल कर नगर परिषद प्रांगण पर पहुंचे और सार्वजनिक ध्वजारोहण में शामिल हुए।

बाबा साहेब उद्यान में बाबा साहेब का पुजन कर ध्वजारोहण किया। विद्यार्थियों ने भारत माता और महापुरुषों के वेश धारण किए हुए थे। मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन अध्यक्ष शैलेश भंडारकर ने किया। इस दौरान प्रबुद्धजनों के साथ अधिकारी, कर्मचारी, विद्यालय स्टॉफ, विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक

**किया पुरस्कृत**

- प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को किया पुरूस्कृत।
- कार्यालयों और वार्डों में किया निर्धारित ध्वजारोहण।

## गणतंत्र दिवस मनाया



**बड़वानी।** वरिष्ठ पेंशनर एसोसिएशन ने राष्ट्रीय पर्व 77वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया। जिलाध्यक्ष विजयकुमार जैन एवं डॉ केके वास्कले ने झंडा फहराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ केके वास्कले ने की। संचालन मोहन पाटिल ने किया। रिटायर्ड प्रिंसीपल मंसूर खान ने गणतंत्र दिवस पर प्रकाश डाला। शाम को एक शाम शहीदों के नाम संगीत कार्यक्रम पेंशनर भवन रखा गया। जिसमें गायकों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों की प्रस्तुतियां दी। जीआर सूर्यवंशी ने आभार माना।

# अधूरे पीएम आवास को कागज पर पूर्ण बताकर किया फर्जीवाड़ा

**रमन बोरखड़े**
**सेंधवा, 28 जनवरी.**

बड़वानी जिले में और खास कर सेंधवा जनपद पंचायत क्षेत्र में जिम्मेदार पीएम मोदी के सपनों पर पानी फेर रहे हैं। अधूरे आवासों की राशि निकालकर गड़बड़ी की जा रही है और जनपद के जिम्मेदार आंखे मूंदे हैं। बड़वानी जिले में पीएम आवास योजना के टारगेट को पूरा करने के चक्कर में जिम्मेदार अफसरों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने आधे-अधूरे मकानों को भी सरकारी रिकार्ड में पूर्ण बताया जा रहा है। पीएम आवास योजना को लेकर जनपद सहित जिले में बैठे जिम्मेदार भी इस अनियमितता पर मौन हैं, इससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं। आखिर क्यों जिले स्तर से पीएम आवास



योजना में अनियमितता पर मौन साधा जा रहा है।

ताजा मामला सेंधवा जनपद की ग्राम पंचायत उमरियापानी का है। यहां पीएम आवास अधूरे होने के बावजूद जिम्मेदारों ने कागजों में पूर्ण बता कर गड़बड़ी की है। ग्राम उमरियापानी के वाहरिया पिता शंकर के नाम से कागजों पर पीएम आवास पूर्ण बताया गया है, जबकि मौके पर पीएम आवास अधूरा है। मामले में जनपद सीईओ ने जांच की बात कही है। ग्राम पंचायत उमरियापानी के सहायक सचिव सतीराम पटेल ने कहा कि उक्त आवास मेरे द्वारा जिओ टेक नहीं किए गए हैं।

#### बिना छत डाले कैसे जारी की राशि

पीएम आवास ग्रामीण योजनांतर्गत आवास स्वीकृत होने पर हितग्राही को बैंक से 25 हजार रुपए पहली किश्त के रूप में मिलते हैं। इस राशि से निर्माण होने पर आवास का फोटो जियोटेग करने के बाद दूसरी व तीसरी किश्त के रूप में 40-40 हजार रुपए मिलते हैं। आवास पूर्ण होने के बाद मजदूरी के रूप में अंतिम किश्त 15 हजार रुपए जारी किए जाते हैं, लेकिन यहां आवास की छत डाले बिना जिम्मेदारों ने राशि जारी कर योजना में गड़बड़ी की है। पूरे मामले की जांच होगी तो सच्चाई सामने आ जाएगी।

#### कलालदा की जांच ठंडे बस्ते में

बता दे जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत कलालदा में भी अपूर्ण पीएम आवास को कागज पर पूर्ण बताकर राशि निकाली गई है। मामले में जिम्मेदारों ने जांच की बात कही थी, लेकिन आज तक मामले में कोई कार्रवाई सामने नहीं आई है।

पीएम नरेंद्र मोदी की महत्वपूर्ण योजना में हुए इस फर्जीवाड़े में ग्रापं के जिम्मेदारों सहित जपं और जिले जिम्मेदारों की लापरवाही सामने आ रही है। जिम्मेदारों को आवास पूर्ण होने पर ही चौथी किश्त जारी करना होती है, लेकिन जिम्मेदारों ने अधूरे आवास को पूर्ण बताते हुए राशि जारी कर दी।

**जांच करेंगे**

मामले में जनपद पंचायत सीईओ अंजली बड़ोले और में आवास योजना के ब्लॉक समन्वयक कृष्णा बिरारे ने कहा कि उमरियापानी पंचायत में अधूरे आवास की जांच कराएंगे।







# रेलवे स्टेशन से लेकर लॉज तक की जांच

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर की सुरक्षा व्यवस्था तथा शहर में विभिन्न आयोजनों को देखते हुए रतलाम पुलिस ने शहर के महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था की चैकिंग व निरीक्षण किया जा रहा है। आपातकालीन स्थिति में पुलिस, प्रशासन व संस्थानों की क्या सुरक्षा तैयारियां है इसका भी जायजा लिया जा रहा है।

**गणतंत्र दिवस को लेकर महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा चाकचौबंद**

जिले के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा गणतंत्र दिवस को ध्यान में रखते हुए शहर की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ व बेहतर बनाने हेतु विशेष चैकिंग के दिशा निर्देश दिए गए है।

निर्देशों पर अति पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम ग्रामीण विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में रविवार को रतलाम पुलिस एवं बी.डी.डी.एस. टीम के साथ रतलाम एवं जावरा शहर सहित जिले के प्रमुख स्थानों एवं होटल, लॉज धर्मशालाओं की चेकिंग की गई। पुलिस अधिकारियों द्वारा आम जन से अपील की कोई भी संदिग्ध व्यक्ति आपके यहां रुकने को आए या किसी की गतिविधि संदिग्ध लगे तो तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

**संदिग्ध वस्तुओं को जांचा**

पुलिस टीम द्वारा शहर के रेल्वे स्टेशन व बस स्टैंड के आसपास के क्षेत्रों एवं सरायों की भी चेकिंग की गई। महत्वपूर्ण स्थानों पर संदिग्ध वस्तुओं की विशेष व सघन चैकिंग, पुलिस डॉग की सहायता से एवं एच.एच.एम.डी आदि उपकरणों के द्वारा जांच की गई।

## बाजना पुलिस ने पकड़ी लाखों की शराब

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** पुलिस के विशेष अभियान के तहत रविवार को लाखों रूपए की शराब बाजना पुलिस ने पकड़ी हैं। आरोपी ने टपरी में छूपा कर रखी थी शराब।

थाना बाजना पुलिस को मुखबिर से विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि गोविंद पिता मंजी डिंडोर, निवासी करबलखोरा, थाना बाजना द्वारा अपने मकान के सामने बनी चद्दर वाली टापरी में भारी मात्रा में अवैध शराब संग्रहित की गई है। सूचना की तस्दीक उपरांत तत्काल पंचानों को तलब कर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान पर दबिश दी गई। पुलिस को देखकर आरोपी गोविंद जंगल की ओर भाग गया, जिसका पीछा किया गया, किंतु वह जंगल का लाभ उठाकर फरार हो गया। आरोपी गोविंद पिता मंजी डिंडोर, निवासी करबलखोरा थाना बाजना के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी की तलाश हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

पुलिस ने बताया कि आरोपी के घर के पास बनी टापरी की विधिवत तलाशी में लंदन प्राइड अंग्रेजी शराब3 पेटी (क्वार्टर) कुल मात्रा 25.92 बल्क लीटर,55 पेटी पावर 10000 बीयर (500-500 कैन) कुल मात्रा 660 बल्क लीटर अनुमानित कीमत 1,82,880 रूपाए की जब्त की।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका**

इस सफल कार्रवाई में निम्न पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की विशेष भूमिका रही निरीक्षक मनीष डावर, उप निरीक्षक रामसिंह खपेड़, प्र.आर. 154 शैलेन्द्र सिंह, प्र.आर. 656 नीरज त्यागी, प्र.आर. 80 ज्ञानेन्द्र, आर. 954 प्रेमसिंह निनामा, आर. 832 सन्नी मईड़ा, आर. 1161 शंकर शिंदे, आर. 1165 दरबार जमरा।

**एक नजर में**

## मां नर्मदा को आढ़ाई 1100 मीटर चुनरी



बड़वानी। प्रदेश की जीवनदायिनी मां नर्मदा का जन्मोत्सव रविवार को जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर शहर से लगे राजघाट किनारे और जागीरदारपुरा नवीन घाट पर खासी रौनक देखने को मिली। नर्मदा तटों पर एक हजार मीटर चुनरी अर्पण कर दुग्धाभिषेक कर महाआरती व प्रसादी वितरण किया गया। मां नर्मदा जागीरदारपुरा घाट पर विधायक राजन मंडलोई अपने पत्नी पल्लवी मंडलोई के साथ मां नर्मदा को 1100 मीटर चुनरी अर्पण की। मां नर्मदा का दुग्धाभिषेक कर हवन.पूजन में शामिल हुए। पर्व को लेकर बैकवाटर व जागीरदारपुरा तट पर सुबह से शाम तक हजारों श्रद्धालु नर्मदा स्नान, पूजन-अर्चन के लिए पहुंचे। जागीरदारपुरा तट पर 108 रामदास त्यागी श्रीराम बाबा के सानिध्य में सुबह 10 से 11 बजे तक पंडित अंकित शर्मा ने नर्मदा पुराण का समापन किया। इसके बाद हवन की पूर्णाहुति की गई। पश्चात कलश यात्रा के रुप में मां नर्मदा को चुनरी अर्पण कर दुग्धाभिषेक कर महाआरती की गई। कन्या पूजन के साथ प्रसादी वितरण किया गया।

## देश की नीतियों को तय करने में मतदाता की अहम भूमिका : कलेक्टर

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिवर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। निर्वाचन आयोग का ध्येय वाक्य 'वोट जैसा कुछ भी नहीं, वोट जरुर डालेंगे हम ', निर्धारित किया गया है। रतलाम जिले के आर्ट एंड साइंस कॉलेज में आज 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन करके किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉक्टर लीला जोशी ने कहा कि वोट लोकतंत्र की ताकत है, नए युवा जागरूक मतदाता बन कर देश के विकास मे अपनी भूमिका का निर्वहन करे , जागरूकता संबंधी गतिविधियों में निरंतर बनाए रखी जाना चाहिए। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस ऐसा पर्व है जिसके माध्यम से देश की दशा और दिशा तय होती है। वोट के माध्यम से ही मतदाता देश की नीतियां तय करता है। सरकारी नीतियों के प्रति सहमति और असहमति व्यक्त करने का सशक्त माध्यम वोट ही है। पुलिस अधीक्षक

**पद्मश्री डॉ लीला जोशी ने कहा कि जागरूक मतदाता बने**



अमित कुमार ने कहा कि मतदान अधिकार है और नागरिकों की शक्ति है, इसलिए मतदान अवश्य करना चाहिए। कार्यक्रम मे युवा मतदाता नारायण बैरागी और पार्थ गुप्ता को फॉर्म नंबर 6 अतिथियों द्वारा प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने वर्चुअल माध्यम से ऑनलाइन उद्बोधन दिया जिसे सभी के द्वारा देखा और सुना गया। कार्यक्रम मे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मिशा सिंह ने सभी को संकल्प कराया कि 'हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। कार्यक्रम के दौरान एडीएम डॉक्टर शालिनी श्रीवास्तव, नगर निगम आयुक्त अनिल भाना, रतलाम शहर एसडीएम आर्ची हरित, एडिशनल एसपी राकेश खाखा, कॉलेज के प्राचार्य डॉ वाय के मिश्रा, तहसीलदार ऋषभ ठाकुर, उपसंचालक सामाजिक न्याय श्रीमती संध्या शर्मा, स्कूल शिक्षा विभाग से जितेंद्र जोशी, पी एच ई से आनंद व्यास, तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ पदाधिकारी शरद शुक्ला सहित बड़ी संख्या में आमजन मौजूद थे।

**एक नजर में**

## भाग कर शादी करने वालों के परिवार का बहिष्कार

**रतलाम।** जिले की पिपलौदा तहसील के गांव पंचेवा के रहवासी अब भाग कर प्रेम विवाह करने वाले युवक युवती के परिवारवालों का बहिष्कार करेंगे। पंचेवा के रहवासियों ने मिलकर यह फैसला किया है। इतना ही नहीं ग्रामवासियों ने गांव के तीन परिवारों को बहिष्कृत करने की भी घोषणा की है। गांव वालों ने यह निर्णय भी लिया है कि जो कोई भी किसी बहिष्कृत परिवार से सम्बन्ध रखेगा,गांव के लोग उसका भी बहिष्कार करेंगे। पंचेवा के गांव वालों द्वारा लिए गए इस निर्णय का विडीयो सोशल मीडीया पर वायरल हो रहा है। वायरल हो रहे विडीयो में बहिष्कार के निर्णय की जानकारी देने वाला युवक विस्तार से इस निर्णय की जानकारी दे रहा है। वायरल विडीयो में युवक बता रहा है कि जिस भी परिवार के लडके लडकी भाग कर प्रेम विवाह करेंगे उस पूरे परिवार का गांव के लोग पूरी तरह बहिष्कार करेंगे। ना तो उस परिवार में दूध दिया जाएगा ना ही किसी दुकान से कोई सामान बेचा जाएगा। वायरल विडीयो में यह भी बताया जा रहा है कि अगर कोई व्यक्ति गांव द्वारा बहिष्कृत किसी परिवार से किसी भी तरह का सम्बन्ध रखेगा,उसका भी गांव वालों द्वारा बहिष्कार किया जाएगा। वायरल विडीयो में बहिष्कार की जानकारी देने वाला व्यक्ति बहिष्कृत किए गए तीन परिवारों के नाम भी घोषित करता हुआ नजर आता है। गांव वालों द्वारा बहिष्कार के निर्णय की घोषणा के बाद अब यह सवाल खडा हो रहा है कि भारतीय संविधान द्वारा दिए गए नागरिक अधिकारों को किसी गांव के लोग कैसे समाप्त कर सकते है? यदि दो बालिग युवक युवती अपनी स्वेच्छा से विवाह करते है तो इसमें उनके परिवारों को दोषी कैसे माना जा सकता है।

## बाल विवाह की सूचना पर त्वरित कार्रवाई कर विवाह रुकवाया

**रतलाम।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रामनिवास बुधोलिया ने बताया कि विगत 24 जनवरी को दूरभाष के माध्यम से दीनदयाल नगर क्षेत्र में बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त हुई। शिकायत की जांच हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी श्रीमती अर्चना माहौर अपनी टीम एवं पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। जांच के दौरान बालिका के जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर उसकी आयु 16 वर्ष 11 माह पाई गई।

# सोना-चांदी आसमान पर, शादियों से पहले सराफा बाजार

**बड़वानी, (नवभारत)।**

शादियों के शुभ मुहूर्त शुरू होने में अब कुछ ही दिन शेष हैं, लेकिन इसके बावजूद सराफा बाजार में रौनक नजर नहीं आ रही है। सोना और चांदी की कीमतों में लगातार हो रही तेज बढ़ोतरी ने आम आदमी की पहुंच से गहनों को दूर कर दिया है। शनिवार को 24 कैरेट सोना 162500 रुपए प्रति दस ग्राम एवं 22 कैरेट सोना 148000 और चांदी 3 लाख 22 हजार रुपए प्रति किलो के उच्च स्तर पर पहुंच गई, जिससे बाजार में खरीदी बेहद कमजोर हो गई है।



सराफा दुकानों पर अब केवल वहीं ग्राहक नजर आ रहे हैं, जिनके यहां विवाह तय है और गहने खरीदना मजबूरी बन चुका है। ऐसे ग्राहक भी गहनों के वजन और डिजाइन में समझौता कर रहे हैं। मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए भारी गहने खरीदना अब सपने जैसा हो गया है।

कई लोग पुराने गहनों के बदले नए गहने लेने का विकल्प तलाश रहे हैं, लेकिन मौजूदा हालात में उन्हें भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ज्वेलर्स पुराने गहने खरीदने में भी हिचकिचा रहे हैं।

#### व्यापार का तरीका बदला

सराफा व्यापार पहले साख और बुकिंग के भरोसे चलता था, लेकिन अब भाव में रोजाना हो रहे उतार-चढ़ाव से जोखिम बढ़ गया है। इस कारण ज्वेलर्स ने पहले से बुकिंग लेना लगभग बंद कर दिया है। अब केवल नकद में ही खरीदी-बिक्री हो रही है और उसी दिन के भाव पर सौदा तय किया जा रहा है। व्यापारियों का कहना है कि एक सप्ताह में ही कीमतों में बड़ा अंतर आ रहा है, जिससे बुकिंग घाटे का सौदा साबित हो रही है।

#### उधारी के नियम भी सख्त

सराफा बाजार में उधारी पर होने वाला व्यापार भी प्रभावित हुआ है। व्यापारी उधार देने से इंकार तो नहीं कर रहे, लेकिन शर्त ये रखी जा रही है कि भुगतान जिस दिन होगा, उसी दिन के भाव के अनुसार राशि ली जाएगी। इससे खरीदारों पर अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है।